9- लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना और पाठ्यक्रम-

लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी , जिनमें प्रश्नों की कुल संख्या 100 तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्क) दिए जायेंगे, जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अर्थात 25 प्रतिशत अंक होंगे।

परीक्षा योजना

परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, निर्धारित कुल अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

क्रमांक	विषय	प्रश्नों की संख्या	निर्धारित कुल अंक	समयावधि
भाग-1	i. अंकेक्षण, अंतिम खाता	10	10	120 मिनट (2 घण्टा)
	ii. लेखांकन के आधारभूत सिंद्धांत, प्रारंभिक लेखा पुस्तकों की तैयारी, ह्रास	10	10	
	iii. दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण, वित्तीय नियमों की सामान्य जानकारी	15	15	
	iv. आर0 टी0 जी0 एस 0, ई-बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर का प्रयोग	10	10	
	v. एडवांस एकाउन्टेंसी	10	10	
	vi. टैक्सेशन, अंकगणित	10	10	
भाग- 2	कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान	15	15	
भाग- 3	उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी	20	20	
	योग	100	100	

नोट- उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंकन) का प्राविधान है , जो सही प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

पाठ्यक्रम

भाग-1

i. **अंकेक्षण, अंतिम खाताः-**

अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्राविधान, अदत एवं पूर्वगत (आय-व्यय), स्कंध का मूल्यांकन, इत्यादि की समायोजन प्रविष्टियों सहित अंतिम खाते तैयार करना, लेखा परीक्षा का परिचय, आंतरिक लेखा परीक्षा, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारत सरकार का परिचय।

ii. **लेखांकन के आधारभूत सिंद्धांत, प्रारंभिक लेखा पुस्तकों की तैयारी, ह्रासः-**

जर्नल, खाताबही, अशुद्धियों का संशोधन, विभिन्न ह्रास पद्धति आदि की जानकारी।

iii. **दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण, वित्तीय नियमों की सामान्य जानकारीः-**

दोहरा लेखा प्रणाली, बैंक समाधान विवरण तैयार करने की जानकारी, सामान्य वित्तीय नियमों की जानकारी, भण्डार क्रय नियमों की जानकारी।

iv. **आर0 टी0 जी0 एस0, ई-बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर का प्रयोगः-**

आर0 टी0 जी0 एस0, इन्टरनेट बैंकिंग, बजट नियंत्रण में कम्प्यूटर, आधुनिक इलेक्ट्रानिक एवं संचार तकनीकी के प्रयोग से संबंधित जानकारी।

v. **एडवांस एकाउन्टेंसीः –**

किराया क्रय एवं किस्त भुगतान पद्धति, शाखा एवं विभागीय खाते, दिवालिया खाते, अधिकार शुल्क, बीमा दावों की गणना आदि से संबंधित जानकारी।

vi. **टैक्सेशन, अंक गणितः -**

आयकर, जी0 एस0 टी0, संबंधित जानकारी, अंकगणित से संबंधित प्रश्न।

भाग-2

कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से कम्प्यूटर एवं सूचना तकनीकी का परिचय, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, स्प्रेडशीट, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस की जानकारी, डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग, इण्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब (WWW)का परिचय, भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा का अवलोकन, वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व तथा कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स) पर आधारित एवं इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

भाग-3

उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी

प्रश्न पत्र के इस भाग से उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का विशिष्ट ज्ञान- इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा